## खबर संक्षेप



### रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाने की मांग

**बरही।** रिहायशी क्षेत्रों के बीच संचालित शराब दुकानों से परेशान व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा और दुकानों को तत्काल हटाने की मांग की। विजयराघवगढ़ और अमरपुर मार्ग पर स्थित शराब दुकानें घनी आबादी के बीच हैं। यहां दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे राह चलती महिलाओं और युवतियों को भारी असुरक्षा और असहजता का सामना करना पड़ता है। शराब दुकान के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि इन शराब दुकानों को आबादी वाले क्षेत्र से कम से कम एक किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाए अगर प्रशासन जल्द ही इस पर ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**सिलौंडी।** ग्राम गौरा में विगत 18 वर्षो से चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत पुराण की संगीतमय चल रहा है। कथावाचक मानवेन्द्र शास्त्री के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। यज्ञाचार्य जगदम्बाप्रसाद दुबे भक्तगणों से यद्य की आहूति दिलवाए। रात्रिकालीन में ग्राम गौरा के नवयुवकों द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन गोसलपुर के कलाकारों द्वारा किया गया। उपस्थित भक्तगण ब्रजेशप्रताप सिंह (पूर्व सरपंच), महेन्द्र सिंह (शिक्षक) अंगद प्रसाद तिवारी, देवीसिंह बागरी, ओंकार बागरी, राजेंद्र तिवारी , भूरा विश्वकर्मा व समिति के समस्त सदस्यों की सक्रियता बनी रही।

### आयुक्त ने किया निरीक्षण, कमियां देख जताई नाराजगी

**कटनी।** अमीरगंज स्थित 80 केएलडी क्षमता वाले फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण में पर्याप्त स्लज नहीं मिलने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि टैंकों की सफाई की संख्या बढ़ाई जाए तथा प्लांट में आने वाले वाहनों का दैनिक रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से संधारित किया जाए, जिससे क्षमता के अनुरूप संचालन सुनिश्चित हो सके।

## कप्तान की सख्ती के बाद पुलिस अधिकारियों ने चलाया विशेष धरपकड़ अभियान

# 3 हजार नकली सोने के सिक्के, घातक हथियार किये जब्त, बदमाशों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में लगातार बढ़ती अपराधिक गतिविधियों, नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार को रोकने एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए अब पुलिस कप्तान एक्शन के मूड में आ गये हैं। कप्तान ने पहले कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों की बैठक लेकर कार्यवाही की रणनीति समझाई। फिर रात होते ही पुलिस की टीमें रीठी, कुठला और खरोला के आपराधिक ठिकानों पर टूट पड़ीं। उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में करीब 100 पुलिसकर्मियों ने एक साथ दबिश दी। इस बार पुलिस पूरी तैयारी के साथ मैदान में थी ड्रोन कैमरों से आसमान से नजर, और जमीन पर चारों ओर से घेराबंदी। नतीजा ये हुआ कि भागने की फिराक में बैठे बदमाशों के सारे रास्ते बंद हो गए और एक-एक कर 15 फरार आरोपी पुलिस के शिकंजे में आ गए। पुलिस





अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के नेतृत्व में पुलिस की इस कार्रवाई से बदमाशों में हड़कंप मचा रहा।

### हथियार, शराब व नकली सोना जब्त

पुलिस द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के दौरान 07 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। वहीं 1 भरमार बंदूक, 02 कारतूस और 01 एयर गन जब्त की गई। इसके अलावा कई धारदार हथियार जब्त किये गये। 2500 से 3000 नकली सोने के सिक्के बरामद किया। 15 संदिग्ध मोटरसाइकिल जब्त की गई।

एक्शन में आये पुलिस कप्तान की सख्ती के बाद जिले भर के थाना एवं चौकी प्रभारियों की चेतना जागी। सक्रिय आपराधिक तत्वों एवं उनके ठिकानों पर अब सीधा प्रहार शुरू हो चुका है। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ जारी है और उनके पुराने मामलों की फाइलें भी दोबारा खोली जा रही हैं। पुलिस ने दो टूक कहा है या तो अपराध छोड़ दो, या फिर जेल के लिए तैयार रहो। आगामी दिनों में अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## रंगमंच, सामुदायिक भवन एवं नाली का निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के तीन वार्डो में 32 लाख रूपये की लागत से कराये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जासवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की मौजूदगी में विधिवत पूजन अर्चन उपरांत संपन्न हुआ।

विधायक जायसवाल ने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यो तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह आमजन के जीवन को सरल, सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्यो को प्राथमिकता देना उनकी प्रतिबद्धता है, ताकि किसी भी क्षेत्र का नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।

विधायक ने कहा कि आज तीन वार्डो मदन मोहन चौबे वार्ड में 7 लाख रुपये की लागत से शेड, रंगमंच निर्माण सहित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में 15 लाख रुपये की लागत से सीसी. नाली निर्माण कार्य के साथ ही वंश स्वरूप वार्ड में 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है। निश्चित ही इन कार्यो से स्थानीय जनों की मूलभूत सुविधाओं में इजाफा होगा। उन्होंने विकास कार्यो के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने के साथ ही सहयोग प्रदान करने की भी बात कही।

### सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों के ऑपरेटर्स हुए शामिल

## ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्म काल में आमजन को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नल जल योजनाओं परियोजनाओं से पेयजल की आपूर्ति सुलभ कराने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सभी जनपद पंचायतों से कुल 41 वाल्व सह पंप ऑपरेटर महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान जबलपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक जिले की 407 ग्राम पंचायतों में से नामांकित दस प्रतिशत प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत



सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल जीवन मिशन एवं जनपद पंचायतों के समन्वय से जनपद पंचायत कटनी और रीठी से 6, बड़वारा , विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा से 7 एवं जनपद पंचायत बहोरीबंद से 8 वाल्व एवं पंप आपरेटर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा है कि नामांकित वाल्व एवं पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत जनपद पंचायत स्तर पर आवश्यकता के अनुसार अन्य ऑपरेटरस को प्रशिक्षित करने का उत्तरदायित्व संभालेंगे।

आरजीसीए के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव ने बताया कि जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत जोबी कला, मझगवा फाटक, गनियारी, भनपुरा नंबर दो, गुबराधरी और लखापतेरी से जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बड़वारा, बंदरी ,विलायतकला, इमलिया, गुड़ा कला, पठरा और बड़ेरा से, विजयराघवगढ़ से गुड़ गड़ौंहा, हरदुआ कला,गोरहा, झिरिया, संगवारा, बक्ठा /जिजनोड़ी, बंजारी से बहोरीबंद से स्लीमनाबाद, कुआं, छपरा,बचैया, बाकल, कौड़िया, अमरगढ़ और बहोरीबंद से, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा से दशरमन, खमरिया बड़ौदा टोला, सरसवाही ,पहरुआ ,कछार गांव से और रीठी से ग्राम पंचायत खमरिया दो, बिलहरी, कैमोरी , घुघरा, पिपरिया परोहा और हथकुरी से प्रतिभागियों को नामांकित कर 4 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जबलपुर भेजा गया है।

### आयुक्त ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरतने दी हिदायत



नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार प्रात:कालीन निरीक्षण के दौरान चंद्रशेखर आजाद वार्ड के विभिन्न स्थलों एवं गलियों का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कचरा संग्रहण की नियमितता, डोर-टू-डोर कलेक्शन तथा कचरा निस्तारण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मिशन चौक स्थित नगीना मस्जिद के समीप वाली गली का निरीक्षण करते हुए नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बबली टोला बस्ती एवं खटीक बस्ती क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए पक्की नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। गांधी स्कूल के समीप स्थित कचरा पॉइंट पर समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्थानीय रहवासियों से संवाद कर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, जिससे स्वच्छता व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## भगनवारा ग्राम में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पवनपुत्र भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव भगनवारा ग्राम में सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी एवम ग्राम वासियों के सौजन्य से श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा ग्राम ₹जय श्री रामर₹ एवं आरती कीजे हनुमान लला की के जयघोष से गुंजायमान रहा। मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। यहां ग्राम सरपंच श्रीमति मुन्नी बाई असाटी एवम उनके पति अवसर लाल असाटी के मार्गदर्शन में ग्राम वासियों के सहयोग से मानस मंडली द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। हनुमान जी के मंदिर में अभिषेक, हवन-पूजन, चोला अर्पण, भजन-कीर्तन एवं आरती के कार्यक्रम आयोजित किए भंडारे और शोभायात्राओं से भक्तिमय हुआ भगनवारा ग्रामहनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम में विशाल महाप्रसाद वितरण एवम भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम मर भव्य शोभायात्रा निकाली गईं, जिनमें रामधुन, भजन-कीर्तन एवं जय श्रीराम के उद्घोष से अद्भुत नजारे देखने को मिले। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम में आस्था, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ के साथ सेवा कार्यों में भाग लेते हुए जल सेवा, प्रसाद वितरण एवं भंडारों के माध्यम से धार्मिक परंपरा को जीवंत बनाया।

### अधिकारियों ने बरही क्षेत्र में चलाया सघन जांच अभियान

## मिलावटखोरों और जमाखोरों पर प्रशासन की सख्ती, सिलेण्डर जब्त, लिये सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसील बरही क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा सघन जांच कार्रवाई की गई।

तहसीलदार बरही श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री यज्ञ दत्त त्रिपाठी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ.पी. साहू की संयुक्त टीम ने अवैध एलपीजी सिलेंडर के भंडारण एवं उपयोग के साथ-साथ "मिलावट से मुक्ति अभियान" के तहत विभिन्न



प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

जांच दल द्वारा मेब्बू होटल, उमेश होटल, अग्रवाल होटल एवं गीतांजली इन होटल की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मेब्बू होटल में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। यहां एक कॉमर्शियल एवं एक घरेलू एचपीसीएल गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में करते पाया गया। साथ ही मौके पर 13 उपभोक्ताओं के गैस कार्ड भी रखे मिले।

होटल संचालक मेवा लाल बर्मन द्वारा कॉमर्शियल सिलेंडर के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके तथा उपभोक्ता कार्डों के संबंध में भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए जांच दल ने 2 गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपभोक्ता कार्ड जब्त कर लिए। प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मेब्बू होटल से मगज लड्डू एवं बेसन के नमूने लिए गए। वहीं बाजार क्षेत्र में स्थित बतासा निर्माता रामाश्रय जायसवाल से भी बतासे का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।

अन्य प्रतिष्ठानों में स्थिति सामान्य पाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी एवं अवैध गैस उपयोग के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### कमिश्नर ने नगर के आधा दर्जन से भी अधिक स्थलों का किया निरीक्षण

# विकास कार्य एवं योजनाओं की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार प्रातः नगर के आधा दर्जन से अधिक स्थलों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने माधव नगर स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), अमीरगंज एफएसटीपी प्लांट, गौशाला, सुरम्य पार्क सहित विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण हों। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी



भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कायाकल्प अभियान-2 के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड (कुठला) एवं विश्राम बाबा वार्ड में निर्माणाधीन सी.सी. सड़कों का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने सड़क की लंबाई, चौड़ाई एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के अंतिम छोर पर रैंप बनाकर मार्ग को समतल किया जाए तथा मोड़ों के ज्वाइंट दुरुस्त कर नागरिकों के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

### एसटीपी का निरीक्षण

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने माधव नगर स्थित 7.50 एमएलडी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट के सभी घटकों का अवलोकन करते हुए ट्रीटमेंट की प्रक्रिया की जानकारी ली। मौके पर जानकारी दी गई कि 30 मार्च से प्लांट का ट्रायल रन प्रारंभ किया जा चुका है। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि एसटीपी को अधिकतम क्षमता से संचालित करने के लिए संबंधित वार्डों में किए जा रहे हाउस सर्विस कनेक्शन के कार्य को तेजी से पूर्ण किया जाए साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट में विद्युत संबंधी शेष कार्य 10 दिवस के भीतर पूर्ण करावें एवं सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में प्रतिदिन ट्रीट हो रहे पानी की लॉग बुक नियमित रूप से संधारित की जाए, ताकि संचालन की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके।

निगमायुक्त ने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस दौरान पी.डी.एम.सी. के एआरई सौरभ नौगजा, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री झील पटेल, पार्थ पटेल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

अमीरगंज गौशाला के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रिक्त स्थान पर शेड निर्माण,पुराने शेड में नेट लगाने, परिसर के आसपास साफ-सफाई, रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सुरम्य पार्क में स्विमिंग पूल, नौका विहार एवं फव्वारा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने डेंटिंग-पेंटिंग एवं इको ब्रिक्स के उपयोग से प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही स्विमिंग पूल में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया।

## 28 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिवाजी वार्ड एवं बाबू जगजीवन राम वार्ड में लगभग 28 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रभा गुप्ता एवं श्रीमती फ़ामिदा आफताब चोखेभाई सहित एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन वरिष्ठ नागरिक उमाशंकर वेदी के करकमलों से संपन्न कराया गया।

शिवाजी वार्ड में नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगभग 11 लाख रुपए की लागत से कब्रिस्तान मार्ग में सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय से खराब स्थिति में होने के कारण यह मार्ग नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था, जिससे अब राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त लगभग 4 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम में



पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कराया जाएगा । इन कार्यों से न केवल सुविधाओं में वृद्धि होगी।

वहीं बाबू जगजीवन राम वार्ड में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली कवरिंग कार्य कराया जाएगा। खुली नालियों के कारण जहां गंदगी, दुर्गंध और जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, वहीं मच्छरों के पनपने से डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नाली कवरिंग के इस कार्य से इन समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा, जिससे वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी और नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से भी राहत मिलेगी।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि कोई भी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक 7 अप्रैल को

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार 7 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक,ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम,समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने एक युवक को धारदार हथियार के साथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा पुलिस की टीम जब ग्राम खमतरा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पेट्रोलिंग कर रही थी तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक ने बचकर निकलने की कोशिश की, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेह के आधार पर जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से लोहे का एक बड़ा और धारदार बका बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार को जब्त कर लिया। आरोपी की पहचान जितेन्द्र तोमर 28 वर्ष निवासी ग्राम खमतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### अलग अलग स्थानों में हुई मारपीट की घटनायें

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्शी में फसल कटाई को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जानकारी अनुसार ग्राम खुर्शी में फसल कटाई की बात को लेकर मंगेला और खुर्शी गांव के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने संतोष लोधी को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष की अनीता बाई ने भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और मारपीट की। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है। इधर माधवनगर थाना क्षेत्र के संजय नगर में राजा नामक युवक और उसके दो साथियों ने राह चलते श्याम चौधरी के साथ गालियां देते हुए मारपीट की। इसी तरह शाहपुर हार में प्रार्थी के खेत के पास ही नरेश कुमार श्रीवास के साथ उनके ही रिश्तेदार सुरेश कुमार श्रीवास ने विवाद किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इन दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। स्लीमनाबाद थाना के ग्राम धूरी में कमानिया गेट के पास दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। बलदेव लोधी और रवि पटेल के पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमले और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। इसी तरह बड़वारा के ग्राम अमराडाड़ में प्रार्थिया गेंद बाई के घर के सामने अजय भुमिया ने विवाद कर चोट पहुंचाई। मदारी टोला में सहरुख सिंह के साथ मनोज मदारी ने मारपीट की।

### सीईओ ने विद्यालय पहुंच परखी शिक्षा की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं परीक्षाफल में सुधार लाने दिए निर्देश

# कड़ी फटकारः विद्यालय में नहीं थे विद्यार्थी जवाब देने में शिक्षकों का छूट गया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्र में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता को परखने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला वसुधा,शासकीय प्राथमिक शाला मढैया टोला हथकुरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र नौवापटी पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और छोटे छोटे बच्चों से सीधा संवाद किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव पहुंचने पर छात्र-छात्राओं के नहीं पाए जाने एवं शिक्षकों द्वारा समाधान कारक उत्तर नहीं दिए जाने पर पर नाराजगी जताई।

सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्राम पंचायत हथकुरी के ग्राम नौवापटी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में पंजीकृत बच्चों की संख्या, उपस्थिति, बच्चों का वजन करना, टीएचआर (टेक होम



राशन) एवं पोषण आहार एप के संचालन एवं क्रियान्वयन की जानकारी ली और एप को समक्ष में ही आपरेट कराया।

#### बोर्ड एग्जाम में 22 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर जताई नाराजगी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला वसुधा में बंद डिजिटल बोर्ड को प्रारंभ कराकर पढ़ाई की गतिविधि को शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष दिखाया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से अध्ययन सामग्री, पाठ्य पुस्तक,गणवेश और मध्यान्ह भोजन, नियमित और अतिथि शिक्षक तथा दर्ज संख्या के बारे में भी जानकारी साझा की।

जिला पंचायत सीईओ ने कम उपस्थिति एवं बोर्ड एग्जाम में 22% परीक्षा फल की जानकारी मिलने पर असंतोष जताया एवं कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए कड़ा परिश्रम, बेहतर योजना बनाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं एवं उत्कृष्ट परीक्षा फल अर्जित करने के प्रयास करें। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह, जिला पंचायत से मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने पोषण आहार वितरण की प्रक्रिया,गुणवत्ता एवं उपलब्धता, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार प्रदान किया जाए तथा पोषण कार्यक्रमों की नियमित निगरानी की जाए, जिससे कुपोषण की रोकथाम की दिशा में ठोस कार्य हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई, बच्चों की शैक्षणिक एवं खेलकूद की गतिविधियों तथा शिक्षण सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला मढैया टोला पहुंचकर छात्र-छात्राओं और शिक्षिका से संवाद कर पढ़ाई, गणवेश, पाठ्य पुस्तकों के संबंध में जानकारी ली।



# निर्जन एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की रहेगी सख्त पहरेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मोर्चा खोल दिया है। एसपी के कड़े रुख के बीच अब पुलिस की टीमें जिले के उन 'शैडो एरिया' (एकांत और अपराध-संवेदनशील इलाके) में पैनी नजर रख रही हैं जो अक्सर असामाजिक तत्वों के ठिकाने बन जाते हैं। पुलिस की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने देर रात औचक भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने थाना कोतवाली के अंतर्गत आने वाली आदर्श कॉलोनी और थाना माधवनगर क्षेत्र की अमकुही पहाड़ी जैसे एकांत इलाकों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए तलाशी और पूछताछ की जा रही है। शहर के होटल, लॉज और धर्मशालाओं की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि किसी भी बाहरी संदिग्ध की आवाजाही पर रोक लग सके। चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि आम जनता सुरक्षित महसूस कर सके।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने साफ किया है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कटनी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आती है, तो बिना डरे तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने या डायल 100 पर दें। आपकी सतर्कता ही शहर को सुरक्षित बनाएगी।

### उमरियापान क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का हुआ आयोजन, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमान मंदिरों में उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने रामभक्त हनुमानजी के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाकर हनुमानजी की मनमोहक झांकियां सजाई गईं। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजते रहे। नगर के बड़ी माई मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात हवन-पूजन,



आरती एवं भंडारे का आयोजन हुआ। झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर, व्यौहार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ और हवन के बाद भंडारे आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजली ऑफिस स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, मुड़िया पुरवा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, भरभरा आश्रम, रामकुंडी एवं हरदी कुटी सहित क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजन-अर्चना संपन्न हुई। बम्हनी के महावीर हनुमान मंदिर में भी पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। देरशाम नगर में भव्य जुलूस भी निकाला गया, महाआरती की गई जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

#### निकाली भव्य शोभायात्रा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में उमरियापान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत बड़ी माई मंदिर से हुई, जहां अखण्ड रामायण पाठ, हवन-पूजन, आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान की आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जो पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

## शिक्षा के नये आयामों एवं सुविधाओं की दी जानकारी




सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व और आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से अवगत कराया गया। प्राचार्य मुकेश पटेल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के नए आयाम, तकनीकी शिक्षा, विषय चयन की उपयोगिता तथा शासन स्तर पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय में संचालित नवाचारों जैसे इंटरएक्टिव पैनल, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं व्यावसायिक शिक्षा के बारे में भी जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को शिक्षा के महत्व, समाज में उसके योगदान, विद्यालय की गरिमा, छात्र जीवन के मूल्यों एवं गुणात्मक शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, सरपंच अटल ब्यौहार, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, संदीप सोनी सहित पालकगण, शिक्षकगण मौजूद रहे।

# विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये प्राचार्यों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

एक्सीलेंस स्कूल बड़वारा में बैठक का हुआ आयोजन नामांकन एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतू संकुल केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा अन्तर्गत आने वाले शासकीय /अशासकीय प्राथमिक,माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्रभारी एवं प्राचार्यों की अत्यावश्यक बैठक दिनांक 2/4/2026 को आयोजित की गई। जिसमें सहायक संचालक सह विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस. एम. सिंह, प्राचार्य चन्दन सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया



द्वारा सभी प्रभारियों को कक्षा प्रमोशन,नामांकन,मैपिंग, प्रोफ़ाइल अपडेशन, फॉरवर्ड टू डीडीओ, पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, खाता अपडेशन, निर्धारित तिथि को उपस्थिति प्रेषण, विद्यालयीन दस्तावेजों का संधारण, हमारे शिक्षक एप से संपत्ति का भौतिक सत्यापन, मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन, आनलाइन उपस्थिति आदि विषयों पर कार्य करने एवं 3.0 पोर्टल पर कार्य करने की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यालय के लेखापाल घनश्याम दास चौधरी ने कार्यालयीन कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सभी कार्य पोर्टल पर समय सीमा में करने के निर्देश भी बीइओ *विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए।

### बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना था मॉक ड्रिल का उद्देश्य

# घनी बस्ती में आपदा प्रबंधन की तैयारी को लेकर ननि ने 2 स्थलों पर किया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मॉक ड्रिल का आयोजन लगातार किया जा रहा है। बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित अलफर्ट गंज घनी बस्ती के दो स्थलों जायसवाल चक्की के पीछे एवं इमामबाड़ा के पास आपातकालीन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद एडवोकेट मौसुफ बिट्टू भी मौजूद रहे।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार आयोजित इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय एवं बचाव कार्यों की तैयारी को



परखना रहा। ड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर उसे नियंत्रित करने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

मॉक ड्रिल के तहत आम रास्ते पर आग लगने की घटना दर्शाई गई, जिस पर फायर अमले द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पाया गया। घनी बस्ती और संकरी गलियों के कारण फायर वाहन को मधई मंदिर के समीप खड़ा किया गया, जहां से टीम द्वारा अतिरिक्त पाइप जोड़कर घटनास्थल तक पहुंच बनाई गई और बचाव कार्य शुरू किया गया।

फायर इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि कंट्रोल रूम से शाम 6:47 मिनट सूचना प्राप्त होते ही फायर वाहन को तत्काल रवाना किया गया। टीम की तत्परता और समन्वित प्रयासों से लगभग 8 मिनट के भीतर आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया।

#### लोगों को किया जागरूक

इस मॉक ड्रिल के माध्यम से न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी आपदा के समय सतर्क रहने एवं आवश्यक सावधानियां बरतने के प्रति जागरूक किया गया। तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं गतिशीलता की जांच भी की गई। मॉक ड्रिल के दौरान नगर निगम के कर्मचारी, फायर अमले का स्टाफ एवं राजस्व विभाग के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

### औचक निरीक्षण कर निर्माण एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

# सीईओ ने चेताया, कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मानव जीवन के लिए पानी की एक एक बूंद जीवन दायिनी है। बारिश के पानी को सुरक्षित करना, इसके लिए किए गए उपायों को बढ़ावा देना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है और यदि हम समय रहते सचेत नहीं होते हैं तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य संकटों से ग्रस्त होगा। इसे सुरक्षित करने जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत अमृत सरोवर,चेकडैम, सोक पिट,खेत तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं के लिए स्थल का चयन बेहद सावधानीपूर्वक करते हुए तकनीकी मानकों का पालन कर तय समय सीमा में प्रगतिरत अपूर्ण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित



करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने गुरुवार को रीठी विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक गांव का औचक निरीक्षण करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री एवं अन्य तकनीकी अधिकारियों को दिए। सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत हथकुरी के नवापट्टी में सुनमान सिंह के खेत तालाब का निरीक्षण कर स्थल चयन को लेकर नाराजगी जताते हुए तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने तकनीकी स्वीकृति, व्यय राशि और मूल्यांकन राशि आदि की जानकारी ली।

तपती दुपहरी में कच्चे रास्ते, मेंढ़ और पगडंडी पर चलकर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ देवगांव, हथकुरी , वसुधा, तिघरा कलां,उमरिया,नवापट्टी एवं अन्य ग्रामों में कराए गए जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत जल संग्रहण हेतु कराये जा रहे अमृत सरोवर, चेक डैम,सोकपिट एवं जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित कराए गए जलाशयों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एस्टीमेट, सूचना पटल, स्थल चयन, कार्य प्रारंभ होने से लेकर कार्य की शुरुआत और निगरानी के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली एवं सख्त निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने सामुदायिक भवन तथा निर्माणधीन भवन का अवलोकन कर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने तेज धूप में काफी देर तक खड़े होकर जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में ग्रामीणों और महिला श्रमिकों से संवाद किया। लाडली बहना, पेंशन योजना एवं एवं केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से क्या लाभ मिल रहा है इसकी जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन परियोजनाओं के अंतर्गत हर-घर नल और हर घर जल के संबंध में ग्रामीणों का फीडबैक लिया। पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने देवगांव में नल जल योजना में आवश्यक सुधार करने के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शासकीय आईटीआई एवं कैल्डरीज इंडिया रिफैक्टरीज लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

**कटनी।** इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट पार्टनरशिप' को सुदृढ़ करने हेतु शासकीय आईटीआई कटनी और कैल्डरीज इंडिया रिफैक्टरीज लिमिटेड के बीच शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, बड़वारा जनपद पंचायत - बड़वारा, जिला-कटनी (म.प्र.)**

निवास ग्राम, पोस्ट, तहसील बड़वारा जिला - कटनी (म. प्र.)

पत्र क/क्यू/नि.आ./ग्रामपंचा./ 2026-27 — बड़वारा दिनांक 02.04.2026

ग्राम पंचायत द्वारा निविदा सामग्री प्रदाय की सूचना

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है, कि ग्राम पंचायत बड़वारा द्वारा म.प्र. शासन के मंशानुसार निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये ग्राम पंचायत बड़वारा जिला कटनी म.प्र. के लिये निम्नलिखित कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं / सप्लायरों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो नीचे लिखे विवरण निम्नानुसार है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सी.सी. रोड पुलिया सह नाली निर्माण कार्य | गिटटी 20mm,40mm, सरिया, सीमेंट, रेत, ढोला आदि |
| 2 | भवन निर्माण कार्य | लोहा (सरिया),20mm,40mm, सीमेंट, ईटा, रेता, पत्थर इत्यादि |
| 3 | बाउड्रीवाल निर्माण कार्य | लोहा (सरिया), 20mm,40mm, सीमेंट, ईटा, रेता, तार फेसिंग जाली, सीमेंट खंबे, लोहे इंगल इत्यादि |
| 4 | ग्राम पंचायत का रखरखाव हेतु सामग्री | स्टेशनरी, इलेक्ट्रानिक सामग्री नल-जल पाईप मरम्मत, कम्प्यूटर, लेपटॉप, प्रिंटर एवं अन्य सामग्री |
| 5 | ग्राम पंचायत में फर्नीचर व्यावस्था | फर्नीचर मरम्मत कार्य एवं नये फर्नीचर क्रय व्यावस्था अलमारी आदि |
| 6 | ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले भवनों में पेवर ब्लॉक आदि कार्य | सीमेट ईट, मुरूम, मिट्टी, आदि सामग्री गिट्टी का चूरा अन्य सामग्री |

सरपंच श्रीमति सुनैना बाई
ग्राम पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी (म.प्र.)

सचिव ग्राम पंचायत
बड़वारा, जिला-कटनी (म.प्र.)

खबर संक्षेप

## अमानगंज कॉलेज से 10 नकलची पकड़े

अमानगंज। पन्ना विश्वविद्यालय के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को पन्ना जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए। उड़नदस्ता के समन्वयक एवं अग्रणी महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने प्रथम पाली (सुबह 09:00 बजे से 12:00 बजे तक) में पीएमश्री ओई पन्ना एवं अशासकीय वैष्णव माता महाविद्यालय पन्ना का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन पाई गई। हालांकि, द्वितीय पाली (दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे तक) में शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में निरीक्षण के दौरान स्थिति भिन्न रही। यहां उड़नदस्ता टीम की मौजूदगी में कुल 10 नकल प्रकरण दर्ज किए गए, जिससे परीक्षा में सख्ती नजर आई। निरीक्षण दल में डॉ. जे.के. वर्मा, डॉ. सिद्धू सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। साथ ही द्वितीय पाली में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पूनम सिंह की भी उपस्थिति रही। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नकल करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## 6 शराब दुकानों का नहीं हो सका निष्पादन

पन्ना। मध्यप्रदेश की नवीन आबकारी नीति अनुसार पन्ना जिले की 39 में से 6 शराब दुकानों क्रमशः पवई, गुनौर, सलेहा, कृष्णगढ़, अजयगढ़ और मोहन्द्रा का निष्पादन विगत 31 मार्च तक नहीं हो सका है। शासन के निर्देशानुसार अब शेष बची शराब की दुकानों का संचालन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा किया जाएगा। इसके लिए आबकारी उप निरीक्षकों को दुकान प्रभारी बनाया गया है। आबकारी आरक्षक एवं नगर सैनिकों को विक्रयकर्ता नियुक्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शराब दुकान पवई, कृष्णगढ़ और मोहन्द्रा का प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय को बनाया गया है।

## राज्यमंत्री श्री पटेल ने सुनी समस्याए

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने जटाशंकर स्थित कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### मकान सूचीकरण और ऐप संचालन पर रहा जोर

# जनगणना के प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

जनगणना के आगामी चरणों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आयोजित प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। संपूर्ण जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में जनगणना की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी और राज्य जनगणना निदेशालय की मोना चौहान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षकों ने जनगणना के पहले चरण की संवेदनशीलता और डेटा की शुद्धता पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्टाफ को जनगणना की प्रक्रिया से पूरी तरह अवगत कराना था। मुख्य रूप से दो विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें मकान सूचीकरण (House Listing): घरों के चिन्हांकन, नंबरिंग और सूची तैयार करने की मानक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। डिजिटल माध्यम (Mobile App): इस बार की जनगणना में डेटा संग्रह के लिए उपयोग किए जाने वाले विशेष मोबाइल ऐप का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें लॉगिन, डेटा एंट्री और सिंकिंग (Syncing) की प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर समझाया गया। प्रशिक्षण के अंत में मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी ने कहा प्रथम चरण की सफलता ही पूरे जनगणना अभियान की नींव रखेगी। मोना चौहान ने राज्य निदेशालय की ओर से तकनीकी समस्याओं के समाधान और रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर पर स्पष्टता प्रदान की। उन्होंने कहा सटीक डेटा ही बेहतर भविष्य की योजनाओं का आधार है। मोबाइल ऐप के माध्यम से इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया गया है। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी अधिकारी अलका दास की भी उपस्थित रही।

# राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिंडोरिया

संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जहां भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंगल कामनाएं की। रात्रि में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में हनुमान मंदिर पर विशेष आयोजन हुए जिसमें सुंदर कांड का पाठ, हवन पूजन, और रात्रि में महा आरती का कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार नगर से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बड़ी भुवन माता मंदिर प्रांगण में मारुति मंडल के सदस्यों ने हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ ध्वज चढ़ाया और प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार नगर के मुकरवा के हनुमान मंदिर, वार्ड नंबर 9 के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, कन्या शाला के समने वाले हनुमान मंदिर, शाला ठकरास के हनुमान मंदिर, राजगढ़ीपरिसर के हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया।

**भव्य शोभा यात्रा निकाली**

नगर के उपाध्यक्ष वार्ड में स्थित राम जानकी और हनुमान मंदिर परिसर में चल रही अखंड रामायण पाठ का कन्या भोज भंडारे के साथ समापन किया गया। और रात्रि मैंयहां पर रखे हुए मिट्टी के द्वारा निर्मित हनुमान जी की मूर्ति को भव्य झांकी में सजाकर भव्य शोभायात्रा बैंड बाजा आतिशबाजी के साथ निकाली गई। जो नगर के मुकुरवा मोहल्ला, नन्ही माता, थाना मोहल्ला से होती हुई मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां पर लोगों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान के गगन भेदी नारे लगाकर युवा चल रहे थे। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## हनुमान जन्मोत्सव पर बम्हौरी, सगरा, रीछई व इमलिया में दिखा उत्साह



बनवार। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बम्हौरी, सगरा, रीछई और इमलिया क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। रैली के दौरान जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भगवा ध्वजों और धार्मिक नारों के साथ निकली यह रैली क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और आयोजन की सराहना की। प्रखंड संयोजक बजरंगदल पंकज सिंघई ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य युवाओं में धार्मिक चेतना और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बम्हौरी, सगरा, रीछई और इमलिया के कार्यकर्ताओं का उत्साह और आयोजन क्षमता सराहनीय है, जिससे बजरंगदल के कार्य विस्तार को नई गति मिल रही है। रैली के सफल आयोजन पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। इस आयोजन ने क्षेत्र में एकता, उत्साह और धार्मिक भावना का मजबूत संदेश दिया।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन कर आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार



दमोह। स्थानीय जेपीबी विद्यालय में 2 बजे समस्त अध्यापक शिक्षक संगठनों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमे प्रांतीय आह्वान पर ज़िले में भी संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया। संयुक्त मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ मोहन सिंह आदर्श ने बताया कि आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि नवीन शिक्षा संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और  माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय टीईटी के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने सहित दो सूत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों के आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमे प्रथम चरण में 8 अप्रैल द्वितीय चरण 11अप्रैल एवं 18 अप्रैल को भोपाल में धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन दिया जाएगा। निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल 2026 को ज़िला स्तरीय एक दिवसीय धरना कार्यक्रम स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के सामने महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित किया जाएगा। जिसमे सभी अध्यापक शिक्षक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के ज़िला अध्यक्षों व प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ मातृ शक्ति ने भी हिस्सा लिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

### बजरंग दल व सर्व हिंदू समाज की उमड़ी आस्था



बनवार। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नोहटा नगर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, धार्मिक एवं सामाजिक बंधु शामिल हुए। पूरे नगर में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण दुर्गा वाहिनी की बहनों का नेतृत्व रहा, जिन्होंने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ यात्रा का संचालन किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भगवा ध्वज, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों के साथ निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक रंग में रंग दिया। प्रखंड संयोजक पंकज सिंघई ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में बजरंगदल नोहटा के संयोजक लकी रैकवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन ने नोहटा नगर में आस्था, उत्साह और एकजुटता का अनूठा संदेश दिया।

### अखाड़ा से जुड़े करतबों का प्रदर्शन...

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विजय भवन अखाड़ा से निकली शोभायात्रा



मड़यिादो। श्री वीर हनुमान  जन्मोत्सव पर्व पर मडियादो में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्राचीन श्रीविजय भवन अखाड़ा में पँडित गणेश पाठक द्वारा पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार शाम 5 बजे से गाजे बाजो के साथ शोभायात्रा बस्ती के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस विजय भवन अखाड़ा पहुंची जहां पूजन अर्चन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा चल समारोह में विजय भवन अखाड़ा के उस्ताद डॉ रूपचंद सैनी के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। जिसमे युवाओ ने एक से एक करतब और कलाबाजी दिखाई। वहीं छोटे छोटे बच्चो ने भी अखाड़ा कला का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में भगवान की झांकी का जगह जगह स्वागत हुआ। मुख्य मार्ग से होकर शोभायात्रा वापस विजय भवन अखाड़ा पहुंची सुरक्षा व्यवस्था के रूप में मडियादो थाना प्रभारी प्रीति पांडे सहित पुलिस स्टाफ के साथ शामिल रही।

## विश्व स्वत्लीनता दिवस प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह में मनाया

दमोह। विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) दिवस के अवसर पर प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र, सिविल लाइन नं 02, वैष्णो देवी मंदिर के सामने, जगदीश टॉकीज रोड दमोह जो राष्ट्रीय न्यास (छंजपवदंस ज्तनेज) सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से पंजीकृत निशक्त व्यक्ति (एम.आर., सी.पी., ऑटिज्म, एम. डी.) अभिभावक संघ जबलपुर द्वारा संचालित हो रहा है आज बड़े हर्ष और उल्लास के साथ दिव्यांगजनों एवं उनके माता-पिता, अभिभावकों को जागृत करने के उद्देश्य से विश्व स्वलीनता (ऑटिज्म) दिवस के उपलक्ष पर जन जागरुकता एवं निम्न्न प्रतियोगिता आत्म्केंद्रित, बाल चम्मच, गुम्बारा गिलास, थम रंग, कैरम, तालिया प्रतियोगिता में आयुषी, पियुष, प्रणव, शौर्य, अंकित, फातिमा, पूजा, माही, आदेश, हरिओम इत्यादि भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखया। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय कुमार दुबे (संस्था अध्यक्ष) रहे। नरेंद्र प्रताप सिंह संस्था प्राचर्य द्वारा (आर्टिज्म) स्वलीनता के बारे में बताया कि स्वलीनता (ऑटिज्म) एक न्यूरो डेवलपमेंट डिसऑर्डर (तंत्रिका विकासात्मक विकार) है तथा यह विषम कौशल विकास की वह अवस्था है जो मुख्य रूप से व्यक्ति के संप्रेषण, भाषा, संस्कारिक एवं सामाजिक व्यवहार से परिलक्षित होती है। हमें स्वलीन दिव्यांग और व्यक्तियों पर दया नहीं प्यार और साथ चाहिए। आइये हम सच जाने, समझे, प्रचार प्रसार करें। समाज में जागरूकता लाएं और स्वालीनता आर्टिस्टिक व्यक्तियों के पुनर्वास में सहयोगी बनकर पुण्य कार्य के भागीदार बने और इन्हें अपने प्रतिष्ठान/व्यवसाय में काम करने का अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम में उपस्थित बलराम शर्मा ऑफिस सहायक, शिखा खरे विशेष शिक्षिका, मानसी रैकवार एवं आकांक्षा रैकवार सहायक शिक्षिका, चंदा विश्वकर्मा सहायक फिजियोवेरेपिस्ट, उपा नामदेव केयर गिवर, दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# जो मनुष्य जितना अधिक अहंकारी होता है उसका पतन भी उतने ही जल्दी हो जाता है- पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

स्थानीय जबलपुर नाका पर श्रीमद् भागवत मूल पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि किसी को भी अपने धन बल बुद्धि आदि का अहंकार नहीं करना चाहिए क्योंकि जो जितना अधिक अहंकारी होता है उसका पतन भी उतने ही जल्दी हो जाता है जामवंत सतयुग के थे अब सतयुग में निःसंदेह योद्धा अन्य युगों की अपेक्षा बहुत अधिक शक्तिशाली होते है वे ब्रह्मा जी के अनुसार अंश अवतार थे जो ब्रह्मा से जन्मा हो उसकी शक्ति के बारे में तो केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है। रामचरितमानस में उनके पराक्रम के बारे में दो कथाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय है उन दोनों स्थानों पर जामवंत का युद्ध रावण और मेघनाद के साथ हुआ था जिसमें दोनों को जामवंत ने अपने प्रहार से मूर्छित कर दिया था। मेघनाद की शक्ति तो उन्होंने अपने हाथों से ही पकड़ कर पलट दी थी अत्यंत वृद्धावस्था में भी जो रावण और मेघनाद जैसे योद्धाओं को अपने घात से मूर्छित कर दे जरा सोचिये युवावस्था में उसका बल क्या होगा जब द्वापर आया और जामवंत और अधिक बूढ़े हो गए उस समय उनका युद्ध श्रीकृष्ण से हुआ था जामवंत को परास्त करने के लिए श्रीकृष्ण को उनसे एक दो नहीं बल्कि 28 दिनों तक युद्ध करना पड़ा स्वयं परमेश्वर कृष्ण को जिसे परास्त करने में अट्ठाइस दिन लग गए हों वो भी वृद्धावस्था में जवानी में उनके बल के बारे में हम केवल अनुमान ही लगा सकते हैं। जब सीता माता को खोजने के लिए समुद्र लांघने की बात चल रही थी उस समय जामवंत कहते हैं कि मैं तो अब बहुत बूढ़ा हो गया हूँ फिर भी इस समुद्र में मैं नब्बे योजन तक जा सकता हूँ हनुमान जी अपनी युवावस्था में सौ योजन छलांग गए जामवंत की आयु उस समय छह मन्वन्तर की बताई गयी है एक मन्वन्तर तीस करोड़ सड़सठ लाख बीस हजार वर्षों का होता है फिर भी वे नब्बे योजन तक जाने की क्षमता रखते थे इसी से उनके बल का पता चलता है इस वार्तालाप के दौरान उन्होंने युवावस्था में अपने बल के बारे में दो बातें बताई जिसे ध्यान से सुनना आवश्यक है इससे आपको जामवंत की वास्तविक शक्ति का पता चलेगा पहली घटना तब की है जब समुद्र मंथन चल रहा था जिसे देवता और दैत्य मिलकर बड़ी मुश्किल से कर पा रहे थे उस समय जामवंत ने अपने बल पर एक बार अकेले ही सम्पूर्ण मंदराचल पर्वत को घुमा दिया था मंदराचल को अकेले घुमाने के लिए कितनी शक्ति चाहिए होगी क्या आपको अंदाजा है दूसरी घटना भगवान विष्णु के वामन अवतार की है जब श्रीहरि ने विराट स्वरुप लिया और एक पैर से स्वर्ग को नाप लिया फिर जब उन्होंने अपना पैर पृथ्वी को नापने के लिए उठाया उस दौरान जामवंत ने केवल सात पल में पृथ्वी की सात परिक्रमा कर ली थी महावीर हनुमान एक ही रात में लंका से सैकड़ों योजन दूर से पर्वत शिखर उखाड़ कर ले आये लेकिन जामवंत ने केवल सात पल में पृथ्वी की सात परिक्रमा कर ली थी एक पल लगभग 24 सेकंड का होता है। उस उनके बल का ऐसा वर्णन सुनकर जब अंगद उनसे पूछते हैं कि उनका बल क्षीण कैसे हुआ तब वे बताते हैं कि जब वे पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे तो अंतिम परिक्रमा के समय उनके पैर के अंगूठे का नाख़ून महामेरु पर्वत से छू गया जिससे उसका शिखर खंडित हो गया इसे अपना अपमान मानते हुए मेरु ने जामवंत को ये श्राप दे दिया कि वो सदा के लिए बूढ़ा हो जाएगा और उसका बल क्षीण हो जाएगा।

## 12 अप्रैल को आयोजित होगा आदर्श प्रजापति समाज का परिचय सम्मेलन

हटा। मध्यप्रदेश आदर्श प्रजापति समाज द्वारा भोपाल में भव्य 14वां वार्षिक कार्यक्रम युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी 12 अप्रैल रविवार को प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुरदास प्रजापति के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारी हेतु प्रदेश स्तर के समस्त पदाधिकारी जुटे हुए हैं। आदर्श प्रजापति समाज के हटा ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल 2026 को भोपाल में भानपुर के पास विदिशा रोड पर नवनिर्मित प्रजापति सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय स्तर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच प्रदान करना एवं विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए योग्य जीवन-साथी खोजने में सहायता करना है। इसमें नवयुवक युवतियों के अलावा विधवा तलाकशुदा महिलाओं को भी परिचय सम्मेलन में विवाह हेतु सहभागिता दिलाई जा रही है। यह कार्यक्रम समाज में एकता और आपसी भाईचारे को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। समाज के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुरदास प्रजापति ने बताया कि परिचय सम्मेलन में प्रदेश के समूचे जिलों से सैकड़ों परिवारों के शामिल होने की उम्मीद है इसके अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात सहित अन्य प्रांतों के स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति होगी। सम्मेलन में परिचय पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा, जिसमें सभी आवेदकों का विवरण होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सजातीय बंधुओं से इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और अपने बच्चों के लिए उत्तम रिश्ते तलाशने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय प्रजापति समाज समिति से संपर्क किया जा सकता है।

## गेहूं उपार्जन हेतु नई एसओपी जारी, 15 अप्रैल से शुरू होगी खरीदी

दमोह। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर गेहूं उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा विस्तृत SOP जारी कर दी गई है। राज्य शासन ने गेहूं खरीदी की तिथियों में आंशिक संशोधन करते हुए विभिन्न संभागों के लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित की हैं। जारी आदेश के अनुसार, इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों में गेहूं उपार्जन कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, राज्य के शेष संभागों में गेहूं खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होगी। प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पत्रकार राजेश पांडे को मातृ शोक

दमोह। शहर के विवेकानंद नगर टॉवर लाइन निवासी श्रीमति कुसुम पांडेय 85 वर्ष का गुरुवार की रात करीब 9.30 बजे बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन हो गया। वह वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडे, रज्जन पांडे की मां एवं हर्ष, नैतिक की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार की सुबह 10 बजे विवेकानंद नगर रज्जन पांडे के निवास से सुरेखा कॉलोनी स्थित मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

# शिक्षा स्वास्थ्य पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गेसाबाद

सरकार द्वारा गांव को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए आए दिन नई-नई योजनाएं बनाई जा रही है लेकिन तहसील हटा मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर दमोह एवं पन्ना जिला की सीमा रेखा पर बसे ग्राम गैसाबाद के वाशिंदे आज भी विकास एवं सुविधाओं से दूर नरकीय जीवन यापन करने को विवस है इस क्षेत्र के लोगों ने नेताओं को वोट देकर विधायक मंत्री सांसद तो बनाया है लेकिन पीछे मुड़कर देखकर किसी नेता ने नहीं देखा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग किस हाल में अपना जीवन जी रहे हैं क्षेत्र से दो बार सांसद रहे केंद्र में मंत्री रहे वर्तमान प्रदेश सरकार के पंचायत विकास मंत्री प्रहलाद पटेल इनके सांसद प्रतिनिधि भी ग्राम गैसाबाद के ही थे लेकिन फिर भी ग्राम का विकास नहीं होना चिंता का विषय है, गांव की हालत यह है कि पूरे गांव की प्यास महज दो-तीन हैंडपंपों पर आश्रित है, कहने को तो ग्राम में दर्जनों हैंड पंप लगे हुए हैं लेकिन चालू हालत में बा मुश्किल दो-चार हैंडपंप ही होंगे बाकी के कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं ग्राम पंचायत की नल जल योजना पिछले कई वर्षों से लगातार बंद है केंद्र सरकार द्वारा चालू की गई घर घर नल योजना भी आधे ही गांव में पानी पहुंचा रही है वह भी हफ्ते में दो-तीन दिन पानी की समस्या को लेकर ग्रामवासी हैरान परेशान है, स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र तो है लेकिन उसमें डॉक्टर नहीं है केंद्र पर हमेशा दवाई भी उपलब्ध नहीं रहती है,उच्च डॉक्टरों के अभाव से मरीजों को अपना इलाज कराने गांव से दूर हटा शहर को जाना पड़ता है साधन संपन्न लोग तो बाहर शहर जाकर अपना इलाज कर लेते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति से कमजोर आम व्यक्ति अपने मरीज का इलाज कराने पैसों के अभाव से बाहर नहीं पहुंच पाता है। मजबूरी में उन्हें अपना इलाज गांव पर ही झोलाछाप डॉक्टरों से कराना पड़ता है, कभी-कभी मरीजों को जिसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है, ग्राम के शिक्षा विभाग के हाल तो और भी बेहाल बने हुए हैं, पिछले 30 वर्षों से ग्राम का हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहा है यहां पर स्कूल शासन के नियम अनुसार नहीं बल्कि बसो के टाइम टेबिल पर चलते हैं शासन के कड़े निर्देशों के बाद भी गैसाबाद संकुल केंद्र में शिक्षकों का अटैचमेंट धड़ल्ले से किया जा रहा है लगातार कई वर्षों से कुछ शिक्षक अपनी मूल शाला छोड़कर दूसरे स्कूलों एवं ऑफिसो में जमे हुए हैं कुछ शिक्षक तो अपनी सुविधा अनुसार सर्विस कर रहे हैं, ग्राम में कोई काम धंधा नहीं होने के कारण एवं पंचायतो में रोजगार नहीं मिलने के कारण मजदूर वर्ग बड़े पैमाने पर गांव से बड़े-बड़े शहरों को पलायन कर रहे हैं आम गरीब मजदूर बताते हैं कि पंचायतों के काम तो ठेके पर होने लगे हैं सरपंच सचिव अपने समर्थकों को पंचायत के निर्माण कार्य ठेके पर दे देते हैं इसलिए हम लोगों को पंचायत में काम नहीं मिलता है  अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूरी में हम लोगों को अपना गांव एवं घर बार छोड़कर काम के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ रहा है, करीबन 8 हजार की आबादी वाले गांव के बुजुर्गों ने हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव को बताया कि अब तक पंच सरपंच विधायक सांसद आदि चुनाव में हम लोगों ने अनेक बार मतदान किया हर चुनाव में नेताओं ने हमसे वादा किया कि गांव का विकास कराएंगे लेकिन चुनाव जीतने के बाद किसी भी नेता ने हमारे गांव की सुध नहीं ली ग्रामीणों ने बताया कि पिछली बार के पंचायत चुनाव में हम लोगों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल के पुत्र को अपने क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव जिताया था और इंद्रपाल पटेल सदस्य बनने के बाद हटा जनपद के अध्यक्ष भी बने थे लेकिन फिर भी हमारे गैसाबाद क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाना चिंता का विषय है, चुने गए जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र आज भी विकास एवं सुविधाओं से कोसों दूर दिखाई दे रहा है, अब देखना यह होगा कि इस क्षेत्र की जनता द्वारा बनाए गए विधायक सांसद कब इस क्षेत्र की दयनीय हालत पर अपनी कृपा दृष्टि डालेंगे या फिर यह गांव ऐसे ही गुमनामी के दौर में गुमनाम बना रहेगा।

## खबर संक्षेप

### एचपीव्ही वैक्सीनेशन में लापरवाही पर माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह के माध्यमिक शिक्षक दुर्गा प्यासी ने अपनी फेसबुक आई डी पर लिखा कि 14 वर्ष की बालिकाओं को लगाई जाने वाली एचपीव्ही वैक्सीन पर उनकी उम्र को लेकर संदेह है, वैसे भी कोरोना में लगाई गई वैक्सीन के परिणामों को देश भुगत रहा है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की वैक्सीन में भी कोई विदेशी साजिश नजर आ रही है। उनकी इस पोस्ट पर जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया। संज्ञान में आते ही जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर प्रभारी कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम ने श दुर्गा प्यासी माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### रंगोली और पेंटिंग में दिखी बच्चों की प्रतिभा,

**तेंदूखेड़ा।** बम्हौरी पाँजी मै स्थित पीएमश्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में "स्कूल चले हम" अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ना रहा। इस अवसर पर छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर आकर्षक और मनमोहक डिज़ाइन उकेरकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था और प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी सृजनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। इसके साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि के अंतर्गत रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। लगभग 50 विद्यार्थियों ने कार्ड शीट पर स्केच पेन के माध्यम से सुंदर चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशक्ति को साकार किया।

### 140 सीटर हॉस्टल को भी मिली मंजूरी, 14.80 करोड़ रुपये की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

# दमोह मेडिकल कॉलेज के साथ बनेगा नर्सिंग कॉलेज - सांसद

**मेडिकल कॉलेज भवन का मेडिकल कॉलेज के डीन और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सासंद ने लिया जायजा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है। मेडिकल कॉलेज के बाद अब नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की तैयारी तेज हो गई है। सरकार से इसकी औपचारिक मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया कि ₹14 करोड़ 80 लाख की लागत से नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जो अगले 2-3 दिनों में खोला जाएगा। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नए नर्सिंग कॉलेज में 196 सीटों का प्रावधान किया गया है। पहले से तैयार नर्सिंग हॉस्टल के साथ अब छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर शिक्षा और आवास की सुविधा मिल सकेगी।

सांसद श्री लोधी ने इस परियोजना के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से



क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। अब तक दमोह और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक व्यय होता है। स्थानीय मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी।

उन्होने कहा जब मरीज और उनके परिजन दमोह में ही इलाज कराएंगे, तो उनके खर्च खाना, आवास, परिवहन आदि से स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा। इससे शहर की अर्थव्यवस्था में वृद्धि और समृद्धि आएगी। सांसद श्री लोधी ने कहा समन्ना, मड़ियादो, पटेरा, पथरिया, जबेरा, तेंदूखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अपने जिले में ही मिलेंगी। साथ ही पन्ना, पवई और बकस्वाहा से आने वाले मरीजों से भी दमोह को आर्थिक लाभ होगा। सांसद राहुल सिंह ने बताया नर्सिंग कॉलेज का निर्माण मेडिकल कॉलेज परिसर के साथ ही किया जाएगा, इसके साथ ही 140 सीटर नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है, जिससे बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग हॉस्टल के लिए 14.80 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग (P.W.D) की परियोजना इकाई (P.I.U) द्वारा टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा।

नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग हॉस्टल बन जाने से जिले के छात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब नर्सिंग की पढ़ाई के लिए उन्हें अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से जिले में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

मध्य प्रदेश सरकार की इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस संबंध में असिस्टेंट रेसिडेंट इंजीनियर जय बघेल (वस्तुनिधि) ने बताया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं और जल्द ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू होगा।

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पीएस ठाकुर, मेडिकल कॉलेज दमोह के प्रभारी डॉ. रमेश पांडे, एसडीएम सौरव गंधर्व, संजय यादव, भरत यादव, रमाकांत बाजपेई, जुगल अग्रवाल, कृष्णा पटेल, कणाद खरे, जल निगम के महाप्रबंधक गौरव सराफ, पीआईयू महाप्रबंधक, प्रधानमंत्री सड़क के महाप्रबंधक देवेश साहू, कार्यपालन यंत्री बीएस यादव, तहसीलदार रॉबिन जैन, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, इंजीनियर के.के अग्रवाल एसडीओ पीडब्ल्यूडी सीमा रजक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जुलाई-अगस्त में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं. यादव जी के कर-कमलों से हम इसका उद्घाटन करवाने का प्रयास करेंगे : सांसद

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा ≀विकसित भारत का संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी के मार्गदर्शन में लेकर चल रहे हैं, यह दमोह जिले की बहुप्रतीक्षित मांग थी और हर व्यक्ति इस बात के लिए चिंता करके रखे हुए था कि हमको बार-बार जबलपुर मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है। उन्होंने कहा मैं बड़ी प्रसन्नता के साथ और पूरे विश्वास के साथ आप लोगों को यह बताना चाहता हूँ कि दमोह में बरपटी में हमारे मेडिकल कॉलेज का काम बिलकुल प्रगति पर है और आज मुझे यहाँ आने का अवसर मिला और यहाँ आकर हमने देखा कि काम बेहतर तरीके से चल रहा है और मुझे लगता है कि जून के पहले हफ्ते में यह बनकर तैयार हो जाएगा और 15 जुलाई के आसपास और सितंबर के बीच में मेडिकल छात्रों का यहाँ एडमिशन हो जाएगा और 15 जुलाई से लेकर 15 अगस्त के बीच में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी के कर-कमलों से इसका उद्घाटन करवाने का प्रयास किया जायेगा। इसके पूर्व सांसद राहुल सिंह ने मेडिकल कॉलेज से सबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से भी कार्यो का आकलन किया। सांसद श्री लोधी ने कहा निर्माण कार्य समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाये। उन्होंने पानी की व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।

# सीसीटीवी कंट्रोल रूम की सक्रियता से मिले रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर में CCTV कंट्रोल रूम की मुस्तैदी एक बार फिर चर्चा का विषय बनी है। पत्रकार आज़म खान के 86 हजार बाजार क्षेत्र में कहीं गिर जाने की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग हरकत में आ गया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) तथा। निरीक्षक संतोष सिंह गुर्जर (जिला रेडियो प्रभारी) के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। आरक्षक देवेश तिवारी, महिला आरक्षक स्वाति जाट, महिला आरक्षक विभा तिवारी एवं आरक्षक राकेश रैकवार की टीम ने लगातार दो दिनों तक शहर में लगे कैमरे की मदद से पैसा उठते हुए एक अज्ञात व्यक्ति की तस्वीर सामने आई, कैमरे की मदद से व्यक्ति के आने जाने का मार्ग और स्कूटी की पहचान हुई। अज्ञात व्यक्ति ने परिस्थिति बताने पर माना कि राशि पत्रकार आज़म खान की है,उसने सहर्ष सारी राशि 86 हजार सौंप दी। कड़ी मेहनत और तकनीकी सूझबूझ के चलते सीसीटीवी के माध्यम से 86 हजार की पूरी राशि सुरक्षित बरामद कर ली गई। राशि वापिस मिलने पर पत्रकार आज़म खान ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और कंट्रोल रूम स्टाफ को मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिले में राजश्री गुटखा की कालाबाजारी का खेल



**दमोह।** जिले में इन दिनों राजश्री गुटखा सहित अन्य तंबाकू उत्पादों की कालाबाजारी का बड़ा खेल सामने आ रहा है। आरोप है कि दमोह, जबेरा, हटा, पथरिया और तेंदूखेड़ा सहित कई क्षेत्रों में बड़े थोक व्यापारियों ने भारी मात्रा में गुटखे का स्टॉक जमा कर रखा है और अब उसे मनमाने दामों पर बाजार में उतारकर लोगों को चूना लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, 10 रुपये में बिकने वाला गुटखा 15 से 20 रुपये में, 25 रुपये वाला 40-50 रुपये तक और 50 रुपये का पैकेट 60 रुपये या उससे अधिक में बेचा जा रहा है। अचानक बढ़े दामों के चलते दुकानदारों और ग्राहकों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। कई जगहों से कहासुनी और झड़प की खबरें भी सामने आ रही हैं। छोटे दुकानदारों का कहना है कि उन्हें खुद ही गुटखा महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है, जिसके कारण वे मजबूरी में ऊंचे रेट पर बेच रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर कुछ व्यापारियों ने बताया कि बड़े कारोबारी जानबूझकर स्टॉक कर बाजार में कृत्रिम कमी बना रहे हैं, जिससे कीमतें बढ़ाई जा सकें। मामले में यह भी सामने आया है कि इस पूरे कारोबार में बड़े पैमाने पर बिना बिलिंग और टैक्स के लेन-देन हो रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जानकारों का कहना है कि यह पूरा कारोबार "नंबर दो" में संचालित हो रहा है, जिस पर किसी प्रकार की निगरानी नहीं है। सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि दमोह के विजयनगर क्षेत्र में एक बड़ा सप्लायर सक्रिय है, जो उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है और जिले भर में गुटखा सप्लाई करता है। यदि प्रशासन द्वारा समन्वित कार्रवाई करते हुए ऐसे व्यापारियों और उनके नेटवर्क पर छापेमारी की जाए, तो करोड़ों रुपये के अवैध स्टॉक का खुलासा हो सकता है। विशेषज्ञों ने भी चेताया है कि इस प्रकार के गुटखे और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं, जिनसे कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। इसके बावजूद इनका अवैध कारोबार बेखौफ जारी है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कालाबाजारी पर रोक लग सके, राजस्व की हानि रुके और आम जनता को राहत मिल सके।

# जिले में अवैध भूसा परिवहन का खेल

## ओवरलोड वाहनों का बेलगाम रेला, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

क्षेत्र में बनवार रोड सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध भूसा परिवहन का गोरखधंधा अब खतरनाक रूप लेता जा रहा है। रोजाना भूसे से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भारी वाहन सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अवैध परिवहन पूरे साल जारी रहता है और हैरानी की बात यह है कि ये वाहन पुलिस चौकियों के सामने से खुलेआम गुजरते हैं, बावजूद इसके कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, भूसे से लदे ये ओवरलोड वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि बड़े हादसों को भी न्योता दे रहे हैं। वाहनों की अत्यधिक ऊँचाई और चौड़ाई के कारण सड़कें संकरी पड़ जाती हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार तो स्थिति जाम जैसी बन जाती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस तरह के वाहन कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ओवरलोडिंग के चलते वाहन असंतुलित हो जाते हैं और पलटने का खतरा बना रहता है, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ जाती है। लोगों का कहना है कि पुलिस की चुप्पी या निष्क्रियता ने ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। कानून का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके और आम जनता को राहत मिल सके।



# आसमानी कहर: तीन बच्चों पर गिरी गाज, एक की मौत, दो गंभीर

**खेत में फसल की रखवाली कर रहे थे बच्चे**

**जबेरा**/जबेरा क्षेत्र में अचानक से बदले हुए मौसम ने एक मासूम की जान ले ली प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत जबेरा के नोहटा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम खनचारी पटी गांव में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में फसल की रखवाली कर रहे तीन बच्चों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में 12 वर्षीय घनश्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार, सुबह के समय अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने लगी। इसी दौरान खेत में मौजूद बच्चों पर बिजली गिर गई। घटना इतनी भयावह थी कि घनश्याम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके साथ मौजूद जसवेद्र और विवेक (उम्र 10 से 14 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों और परिजनों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही



गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक खराब मौसम और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### प्यासी मंदिर में हुई राम लला जू की स्थापना



**दमोह।** श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर परिसर में अयोध्या जी की तर्ज पर रामलला सरकार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मंत्र उच्चारण के साथ की गई। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉक्टर केदार नाथ शर्मा परिवार मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भगवती श्रीवास्तव, एडवोकेट पंडित विनोद चौबे, बृजमोहन दीक्षित, चेनपुरिया भागीरथ शास्त्री, पंडित अरुण दीक्षित की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम के साथ भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

# महाआरती के साथ केक काट कर मनाया हनुमान जी का जन्मोत्सव



**दमोह।** चैत्र माह की पूर्णिमा पर भगवान वर्ल्ड बॉस श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को जहां पूरे देश में बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया जाता है वहीं दमोह के फुटेरा वार्ड दो स्थित दक्षिण मुखी वर्ल्ड बॉस हनुमान मंदिर में भी बड़े ही धूमधाम के साथ भक्तों के द्वारा वर्ल्ड बॉस हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया जाता है प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सुबह वर्ल्ड बॉस हनुमान जी का पूजन अभिषेक हवन किया गया जिसके बाद महा आरती की गई वहीं शाम को 7:30 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व महा आरती का आयोजन वर्ल्ड बॉस हनुमत सेवा समिति के द्वारा किया गया जहां आरती में 27 किलो लड्डू का भोग लगाया गया वहीं शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया शोभायात्रा में सम्मिलित चलित झांकी के द्वारा वर्ल्ड बॉस हनुमान जी के जन्मोत्सव का केक काटा गया हनुमत सेवा समिति व अग्रवाल समाज के द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में संपूर्ण पूजन पाठ संपन्न हुआ सारे दिन में हजारों की संख्या में भक्तों ने वर्ल्ड बॉस हनुमान जी के जन्मोत्सव पर दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया मंगलवार सात अप्रैल को विशाल भंडारा व कन्या भोजन का आयोजन किया जावेगा।

**9 घंटे बंद रही सप्लाई, भीषण गर्मी में लोग परेशान...**

# दो जिलों के बीच फंसी सिंग्रामपुर की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर क्षेत्र में गुरुवार को बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई। सुबह लगभग 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक लगातार करीब 9 घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रही, जिससे क्षेत्रवासियों को 38 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। लंबे समय तक बिजली न रहने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर की तेज गर्मी में हालात इतने खराब हो गए कि लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए। छोटे बच्चे गर्मी से बिलखते नजर आए, वहीं ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश भी देखने को मिला। बिजली कटौती का असर स्थानीय व्यापारियों पर भी पड़ा। दुकानों में कामकाज प्रभावित हुआ और कई व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। व्यापारियों का कहना है



कि बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से रोजमर्रा का कारोबार ठप हो जाता है। साथ ही, यहां आए दिन बिजली बाधित रहती है और जब सप्लाई चालू भी रहती है तो बार-बार "परमिट" लेकर आधे-आधे घंटे में लाइन बंद कर दी जाती है, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है। सबसे बड़ी समस्या यह रही कि शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने फोन तक रिसीव नहीं किए और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। इससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती के बावजूद बिजली बिलों में किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाती। "बिजली रहे या न रहे, बिल पूरा ही आता है," यह बात क्षेत्र में आम चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं, बकाया बिल होने पर विभाग द्वारा कुर्की की कार्रवाई करने अधिकारी तुरंत पहुंच जाते हैं, लेकिन जब सप्लाई बंद रहती है तो कोई जिम्मेदार सामने नहीं आता। गौरतलब है कि सिंग्रामपुर दमोह जिले की सीमा पर स्थित है और यहां विद्युत सप्लाई जबलपुर जिले से मिलती है। ऐसे में दोनों जिलों के बिजली विभाग के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा सीधे तौर पर स्थानीय जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### भीषण गर्मी में लगातार कटौती से बढ़ी परेशानी

सिंग्रामपुर ग्राम में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान बढ़ने के साथ बिजली की मांग भी बढ़ी है, लेकिन अनियमित सप्लाई के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार, पहले इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति तेजगढ़ पावर हाउस लाइन से की जा रही थी, जहां वोल्टेज की समस्या पहले से बनी हुई थी। दमोह, तेजगढ़ और कटंगी—तीनों स्रोतों से जुड़ा होने के बावजूद भी लगातार बिजली गुल होना लोगों की समझ से परे है।

### तकनीकी खामियां और परमिट में देरी बनी बड़ी वजह

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में कटंगी पावर हाउस लाइन में तकनीकी फॉल्ट आने के कारण समय पर परमिट नहीं मिल पा रहा है। इससे लाइन सुधार कार्य में देरी हो रही है और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल नहीं हो पा रही है। इस संबंध में कनिष्ठ यंत्री महेश कुमार महतो ने बताया कि कर्मचारी लगातार सुधार कार्य में लगे हुए हैं और सहयोग भी कर रहे हैं, लेकिन कटंगी पावर पॉइंट से समय पर परमिट नहीं मिलने के कारण सप्लाई बहाल करने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं कई घंटों से कटंगी-जमुनिया पावर हाउस में मौजूद हैं, इसके बावजूद परमिट जारी नहीं किया जा रहा है। वहीं, कटंगी-पाटन विद्युत विभाग के मुख्य अधिकारी सौरभ त्यागी ने बताया कि सिंग्रामपुर की लाइन सड़क किनारे पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। नियमित मेंटेनेंस न होने के कारण आए दिन फॉल्ट की स्थिति बनती रहती है, जिससे बिजली सप्लाई प्रभावित होती है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए कहा है कि बिजली कटौती का निश्चित समय तय किया जाए, फॉल्ट सुधार कार्य में तेजी लाई जाए और कटंगी पावर पॉइंट से परमिट प्रक्रिया को सरल व तेज किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।